प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 28.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 28.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।






## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ मेले के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज के निर्देशन में दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत "ऑपरेशन इण्टरसेप्ट (रैण्डम व सरप्राइज चेकिंग आपरेशन)/ऑपरेशन चक्रव्यूह (जनपद व मेला क्षेत्र के प्रवेश/निकास के समस्त मार्गो पर चेकिंग)" के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 27.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरोत्तम सिंह मय हमराह का0 दयाशंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त प्रहलाद निषाद पुत्र स्व0 परागवा निषाद उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम खम्हरिया थाना खन्ना जनपद महोबा जिसके कब्जे एक सफेद झोले/बोरी में 15 क्वाटर ठेका देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम बहिंगा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 188/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

प्रहलाद निषाद पुत्र स्व0 परागवा निषाद उम्र करीब 55 वर्ष नि0 ग्राम खम्हरिया थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 नरोत्तम सिंह
2. का0 दयाशंकर



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ मेले के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज के निर्देशन में दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत “ऑपरेशन इण्टरसेप्ट(रैण्डम व सरप्राइज चेकिंग आपरेशन)/ऑपरेशन चक्रव्यूह( जनपद व मेला क्षेत्र के प्रवेश/निकास के समस्त मार्गो पर चेकिंग)” के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 27.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 सतीश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सुन्दर लाल यादव पुत्र स्व0 जंगी यादव उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम माधौगंज थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 सफेद बोरी में 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब ब्राण्ड ब्लू फ्लैग नाजायज बरामद करते हुए झांसी महोबा हाईवे बगरौनी बार्डर ग्राम बगरौनी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-234/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

सुन्दर लाल यादव पुत्र स्व0 जंगी यादव उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम माधौगंज थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 सतीश कुमार
2. उ0नि0 अजय प्रताप सिंह



## श्रीमान मण्डलायुक्त एवं डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थाना श्रीनगर में मौजूद रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 28.11.2024 को श्रीमान मण्डलायुक्त, श्री बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी महोबा, श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के साथ संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना श्रीनगर में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्रीमान मण्डलायुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता से फोन कर फीडबैक लिया गया जिसके क्रम में निर्देशित किया गया कि शिकायत निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरान्त ही अंकित किया जाये।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह सहित सम्बन्धित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे।

जनपद महोबा के सम्पूर्ण थानों में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल **36** शिकातयें प्राप्त हुई जिनमें से **25** राजस्व विभाग व **11** शिकायतें पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में **कुल 07** शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है तथा शेष शिकायतों निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर पीडित से वार्ता एवं फीडबैक के आधार पर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महाकुम्भ- 2025 को सुरक्षित वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत श्रीमान मण्डलायुक्त एवं डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ थाना श्रीनगर क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित उ.प्र.-म.प्र. सीमा का किया गया भ्रमण, सुरक्षात्मक प्रबंधों के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक निर्देश...।

लोक आस्था के महापर्व महाकुम्भ- 2025 को सुरक्षित वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजामों के दृष्टिगत आज दिनांकः- 28.12.2024 को श्रीमान मण्डलायुक्त, श्री बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी महोबा, श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के साथ संयुक्त रूप से जनपद महोबा के थाना श्रीनगर क्षेत्रअन्तर्गत उ.प्र. एवं म.प्र. सीमाक्षेत्र का भ्रमण/स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है।

इस दौरान स्थानीय थाना प्र0नि0 थाना श्रीनगर को निर्देशित किया गया कि महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत सीमा पर विशेष सतर्कता बरती जाये, महाकुम्भ के दौरान बार्डर पर सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता के साथ क्रियाशीलता को बढाया जाये साथ ही अस्थायी रुप से 24*7 घण्टे के लिए शिफ्टवार पुलिस प्रशासन की ड्यूटी लगाई जाये व चेकिंग अभियान चलाया जाये, प्रत्येक व्यक्ति एवं वाहन की चेकिंग की जाये, इस हेतु बार्डर चेक पोस्ट पर रजिस्टर बनाए जाने जिसमें प्रत्येक आने-जाने वाले का का विवरण अंकित किये जायें, इस सभी व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षक उच्चाधिकारियों द्वारा किया जायेगा। जिससे भारतीय संस्कृति के इस महायज्ञ महाकुम्भ 2025 को पूरी भव्यता के साथ सुरक्षित वातावरण में सकुशल आयोजित कराया जा सके।

**ऑपरेशन सील-** महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगतअपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत ऑपरेशन सील चलाया जा रहा है, जिससे आवश्यकतानुसार जनपद की सीमा को सील किया जा सके।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह सहित अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे।





## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ संयुक्त रुप से जनपद की पुलिस लाइन मे पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2023 के लिये आयोजित हो रही फिजिकल जांच केन्द्र का लिया गया जायजा, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश..।




पुलिस भर्ती परीक्षा के उत्तीर्ण महिला-पुरुष अभ्यर्थियों की जनपद महोबा के पुलिस लाइन में फिजिकल परीक्षा चल रही है। जिसके क्रम में आज दिनांक- 28.12.2024 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के साथ संयुक्त रुप से पुलिस लाइन महोबा पहुंचकर उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के अन्तर्गत हो रही अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डी0वी0/पी0एस0टी0) का निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन अवस्थित केन्द्र की जांच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक के अनुरुप प्रक्रिया को सुचितापूर्ण ढंग से सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया कि परीक्षा को पूरी सुचिता के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सम्पन्न कराया जा रहा है संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण को लेकर अभ्यर्थियों को चाहिए कि वह किसी भी दलाल के चंगुल में नहीं फंसे, पुलिस लाइन में फिजिकल परीक्षा देने आये अभ्यर्थी गोपनीयता बनाये रखें और किसी से भी अपना डाटा लीक न करें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, निरीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह, स.उ.नि. (एम.) सुनील कुमार यादव, स.उ.नि. (एम.) आदर्श सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पुलिस भर्ती बोर्ड व डी0वी0/पी0एस0टी0 दल के अधि./कर्म. मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.12.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या के वांछित 03 नफर अभियुक्तों को मय आला कत्ल के साथ किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ मेले के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज के निर्देशन में दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत "ऑपरेशन इण्टरसेप्ट(रैण्डम व सरप्राइज चेकिंग आपरेशन)/ऑपरेशन चक्रव्यूह( जनपद व मेला क्षेत्र के प्रवेश/निकास के समस्त मार्गो पर चेकिंग)" के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 28.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्यामजी यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना खन्ना में पंजीकृत मु.अ.सं. 184/2024 धारा 105 बीएनएस के वांछित 03 नफर अभियुक्तों को मुखबिर खास कि सूचना पर 03 नफर वांछित अभि0गण 1.छोटे खंगार पुत्र स्व. बैजनाथ 2.विजय शर्मा पुत्र स्व. झल्लू शर्मा 3.पप्पू उर्फ सेरवारी पुत्र स्व. बैजनाथ समस्त नि0गण ग्राम सिरसीकला थाना खन्ना जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के कहरा मोड़ से नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. छोटे खंगार पुत्र स्व. बैजनाथ
2. विजय शर्मा पुत्र स्व. झल्लू शर्मा
3. पप्पू उर्फ सेरवारी पुत्र स्व. बैजनाथ समस्त नि0गण ग्राम सिरसीकला थाना खन्ना

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 श्यामजी यादव 2. उ0नि0 चेतराम
3. हे0का0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया 4. का0 अमित कुमार

